Title: Requested the Government to reduce the price of cement in Gujarat.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : अध्यक्ष महोदय, गुजरात के अंदर बछाऊ, अंजार और भुज के अंदर सरकार की ओर से तथा स्वयं सेवी संस्थाओं की ओर से मकान बनाने की व्यवस्था है। शहरों में, खासकर अहमदाबाद जिले में और शहर में बहुत सारे मकानों की दीवारों में दरारें पड़ गई हैं और छोटे-मोटे मकान गिर गए हैं। सरकार की ओर से सभी को घर बनाकर देना सम्भव नहीं है। लोग स्वयं अपना काम कर रहे हैं, लेकिन गुजरात की सीमेंट कम्पनीज द्वारा संगठित होकर दो महीने पहले सीमेंट की बोरी का जो 120 रुपए का भाव था, उसको बढ़ाकर 160-165 रुपए कर दिया है। परिणामस्वरूप मध्यम वर्ग के और सामान्य वर्ग के लोगों को अपने घरों की मरम्मत कराना मुश्किल हो गया है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन सीमेंट कम्पनीज पर कुछ नियम लागू किए जाएं और गुजरात में विशो छूट देकर सीमेंट की बोरी का भाव 120-125 रुपए, जो पहले था, उसी भाव पर लोगों को सीमेंट उपलब्ध कराया जाए।